दैनिक जागरण 20-09-2025

विद्यार्थियों ने मतदान के प्रति लोगों को किया जागरूक

चुनाव जागरूकता के दौरान छात्राएं वोट के लिए बातचीत करते हुए • सौजन्य विज्ञप्ति

जागरण संवाददाता • अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में स्वीप कमेटी द्वारा चुनाव जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन प्राचार्य डा. रोहित दत्त एवं स्वीप कमेटी की अध्यक्ष सीमा कंसल की देखरेख में हुआ।

इस दौरान विद्यार्थियों ने अलग-अलग टीम बनाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए लोगों को प्रेरित किया। इस आयोजन में 73 विद्यार्थियों ने भागीदारी की और लोगों को मतदान का महत्व समझाया। इस आयोजन में डा. तृप्ति शर्मा, डा. अनुपमा सिहाग, डा. राकेश आदि ने सहयोग किया। इसी तरह कालेज में जूलाजी और बाटनी विभाग ने आइक्यूएसी और एसडीजी क्लब के सहयोग से हर्बल-कम-बाटैनिकल गार्डन में वर्मीकंपोस्टिंग विषय पर एक आउटडोर कक्षा आयोजित की। आउटडोर कक्षा में लगभग 100 छात्र उपस्थित थे।

प्रशिक्षण कार्यशाला के मूल उद्देश्य पर चर्चा करते हुए, समन्वयक डा. शिखा जग्गी ने प्रतिभागियों को बताया कि वर्मीकंपोस्टिंग जैविक प्रक्रियाओं, डिजाइनों और तकनीकों का संयोजन है, जिसका उपयोग जैविक स्थिरीकरण में तेजी लाने के लिए केंचुओं की कुछ प्रजातियों की बड़ी मात्रा में व्यवस्थित और गहनता से उपयोग किया जाता है।